# वो नज़र हमें मिल जाए तेरे दर्शन पा जाएँ भजन लिरिक्स

वो नज़र हमें मिल जाए,
तेरे दर्शन पा जाएँ,
इन अधरों से सांवरिया,
तेरी महिमा गा जाएँ,
वो नज़र हमें मिल जाये,
तेरे दर्शन पा जाएँ।bd।

---

घूमे फिरे खाटू नगरी में,
देखे अज़ब नज़ारे,
केसरिया ध्वज ले काँधे पर,
मिलेंगे श्याम प्यारे,
तन मन रंग श्याम के रंग में,
सुध बुध बिसरा जाएँ,
वो नज़र हमें मिल जाये,
तेरे दर्शन पा जाएँ।bd।

---

पल्ला थामा श्याम धणी का,
मोह जगत के त्यागे,
शरण मिली खाटू वाले के,
मन कुछ और ना मांगे,
कान्हा का छोड़ द्वारा,
क्यों और कहीं जाएँ,
वो नज़र हमें मिल जाये,
तेरे दर्शन पा जाएँ।bd।

---

‘सरल’ श्याम संग जोड़ा नाता,
सारे जगत को त्यागा,
सर पे हाथ श्याम का जिसपे,
वो क्यों रहे अभागा,
हम दीन हैं हम हारे हैं,
तेरे मन को भा जाएँ,
वो नज़र हमें मिल जाये,
तेरे दर्शन पा जाएँ।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

वो नज़र हमें मिल जाए,
तेरे दर्शन पा जाएँ,
इन अधरों से सांवरिया,
तेरी महिमा गा जाएँ,
वो नज़र हमें मिल जाये,
तेरे दर्शन पा जाएँ।bd।

**Singer – Anjali Sagar Dua**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com